पंजाब केसरी
FRI,06 FEBRUARY 2026
EDITION: JIND KESARI, PAGE NO. 1

# चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय की बड़ी उपलब्धि

- अंतिम परीक्षा के 10 दिनों के भीतर यू.जी. व पी.जी. के परिणाम घोषित
- 10 दिनों में यू.जी.-पी.जी. परिणाम घोषित होना प्रशासनिक दक्षता का प्रमाण : कुलगुरु



*सी.आर.एस.यू. जिसने 10 दिन में यू.जी. और पी.जी. के रिजल्ट जारी किए तथा (इनसैट) वी.सी. प्रो. रामपाल सैनी।*

जींद, 5 फरवरी (ललित) : चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय, जींद ने शैक्षणिक सत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए स्नातक (यू.जी.) एवं स्नातकोत्तर (पी.जी.) परीक्षाओं के परिणाम रिकॉर्ड समय में घोषित किए हैं। विश्वविद्यालय की यूनिवर्सिटी टीचिंग डिपार्टमैंट एवं संबद्ध महाविद्यालयों की अंतिम परीक्षा संपन्न होने के मात्र 10 दिनों के भीतर परिणाम घोषित करने शुरू कर दिए गए हैं। साथ ही री-अपीयर वाले विद्यार्थियों के भी परिणाम घोषित करने शुरू कर दिए गए हैं जिससे विद्यार्थियों को आगे किसी भी तरीके की कठिनाइयों का सामना न करना पड़े। जो अपने आपमें एक बड़ी प्रशासनिक सफलता है।

इस परीक्षा प्रक्रिया में विश्वविद्यालय के कुल 26,672 विद्यार्थियों ने भाग लिया था। विश्वविद्यालय द्वारा इस चरण में यू.जी. के 14 पाठ्यक्रमों तथा पी.जी. के 4 पाठ्यक्रमों के परिणाम घोषित किए गए हैं। समयबद्ध परिणाम घोषित होने से विद्यार्थियों को आगे की पढ़ाई, प्रवेश प्रक्रिया एवं रोजगार से जुड़ी योजनाओं में समय पर निर्णय लेने में सहायता मिलेगी।

कुलगुरु ने कहा कि चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय, जींद सदैव विद्यार्थियों के हितों को सर्वोपरि मानते हुए कार्य करता रहा है। विश्वविद्यालय की यह प्राथमिकता रही है कि परीक्षा प्रक्रिया के बाद विद्यार्थियों को उनके परिणाम समय पर उपलब्ध कराए जाएं, ताकि उनके शैक्षणिक एवं व्यावसायिक भविष्य में किसी प्रकार की देरी न हो।

अंतिम परीक्षा के मात्र 10 दिनों के भीतर यू.जी. एवं पी.जी. पाठ्यक्रमों के परिणाम घोषित होना विश्वविद्यालय की मजबूत अकादमिक व्यवस्था, सुव्यवस्थित परीक्षा प्रणाली तथा परीक्षा शाखा एवं शिक्षकों के निरंतर और समर्पित प्रयासों का प्रतिफल है।

यह उपलब्धि यह भी दर्शाती है कि सीमित संसाधनों के बावजूद विश्वविद्यालय प्रशासन पूरी पारदर्शिता, गुणवत्ता और समयबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। आने वाले समय में भी विश्वविद्यालय इसी प्रकार विद्यार्थियों के हित में त्वरित और प्रभावी निर्णय लेता रहेगा।

विश्वविद्यालय कुलसचिव व परीक्षा नियंत्रक डॉ. राजेश बंसल ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा परिणाम प्रक्रिया को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया गया। सभी संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय, सुव्यवस्थित कार्यप्रणाली एवं तकनीकी संसाधनों के उपयोग से यह संभव हो पाया कि इतने बड़े स्तर पर परीक्षा परिणाम समय पर घोषित किए जा सकें। यू.टी.डी. एवं संबद्ध महाविद्यालयों की अंतिम परीक्षा के बाद उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन से लेकर परिणाम तैयार करने तक पूरी प्रक्रिया को योजनाबद्ध ढंग से पूरा किया गया। परीक्षा शाखा की टीम ने निरंतर कार्य करते हुए यह सुनिश्चित किया कि परिणाम पारदर्शी, त्रुटिरहित एवं निर्धारित समय सीमा में घोषित हों।

विश्वविद्यालय प्रशासन ने जानकारी दी कि विद्यार्थी अपने परीक्षा परिणाम विश्वविद्यालय की आधिकारिक वैबसाइट पर जाकर देख सकते हैं। समय पर परिणाम घोषित होने से विद्यार्थियों एवं अभिभावकों में संतोष का वातावरण है और विश्वविद्यालय की कार्यप्रणाली पर विश्वास और अधिक मजबूत हुआ है। चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय, जींद की यह उपलब्धि राज्य के अन्य विश्वविद्यालयों के लिए भी एक प्रेरणास्रोत है।

दैनिक भास्कर
जींद भास्कर 06-02-2026

# परीक्षा खत्म होने के 10 दिन में परिणाम घोषित

भास्कर न्यूज | जींद

सीआरएसयू ने स्नातक और स्नातकोत्तर परीक्षाओं के परिणाम अंतिम परीक्षा के मात्र 10 दिनों के भीतर घोषित कर दिए हैं। विश्वविद्यालय की यूटीडी एवं संबद्ध महाविद्यालयों की परीक्षाओं में 26672 विद्यार्थियों ने भाग लिया था। इस चरण में यूजी के 14 और पीजी के 4 पाठ्यक्रमों के परिणाम जारी किए गए हैं, साथ ही री-अपीयर विद्यार्थियों के परिणाम भी घोषित किए गए हैं। वीसी प्रो. रामपाल सैनी ने कहा कि समय पर परिणाम घोषित होना विश्वविद्यालय की मजबूत परीक्षा प्रणाली और प्रशासनिक दक्षता का प्रमाण है। वहीं, परीक्षा नियंत्रक डॉ. राजेश बंसल ने बताया कि विभागों के बेहतर समन्वय और तकनीकी संसाधनों से यह संभव हो पाया। समय पर परिणाम घोषित होने से विद्यार्थियों को आगे की पढ़ाई और करियर योजनाओं में बड़ी सुविधा मिली है।



प्रो. रामपाल सैनी, वीसी

दैनिक जागरण

Date-06.02.2026

# सीआरएसयू ने यूजी व पीजी कक्षाओं के परीक्षा परिणाम किए घोषित

**जागरण संवाददाता ● जींद :** चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय ने स्नातक एवं स्नातकोत्तर परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए हैं। विश्वविद्यालय के टीचिंग डिपार्टमेंट और संबद्ध महाविद्यालयों की अंतिम परीक्षा संपन्न होने के मात्र 10 दिनों के भीतर परिणाम घोषित करने शुरू कर दिए गए हैं। साथ ही री-अपीयर वाले विद्यार्थियों के भी परिणाम घोषित करने शुरू कर दिए गए हैं, जिससे विद्यार्थियों को आगे किसी भी तरीके की कठिनाइयों का सामना नहीं करना पड़े। वीसी प्रोफेसर रामपाल सैनी ने कहा कि इस परीक्षा प्रक्रिया में विश्वविद्यालय के 26,672 विद्यार्थियों ने भाग लिया था। विश्वविद्यालय द्वारा इस चरण में यूजी कक्षाओं के 14 पाठ्यक्रमों व पीजी कक्षाओं के चार पाठ्यक्रमों के परिणाम घोषित किए गए हैं। समयबद्ध परिणाम घोषित होने से विद्यार्थियों को आगे की पढ़ाई, प्रवेश प्रक्रिया व रोजगार से जुड़ी योजनाओं में समय पर निर्णय लेने में सहायता मिलेगी। रजिस्ट्रार एवं परीक्षा नियंत्रक डा. राजेश बंसल ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा परिणाम प्रक्रिया को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया गया।



कुलपति प्रो. रामपाल सैनी ● सौः सीआरएसयू

अमर उजाला

Date-06.02.2026

# विश्वविद्यालय ने 26,672 छात्रों का परिणाम जारी किया

जींद। चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र की स्नातक और स्नातकोत्तर परीक्षाओं के परिणाम मात्र 10 दिन के भीतर घोषित कर दिए हैं। परीक्षा प्रक्रिया में विश्वविद्यालय के कुल 26672 विद्यार्थियों ने भाग लिया था।

विश्वविद्यालय ने इस चरण में यूजी के 14 पाठ्यक्रमों और पीजी के चार पाठ्यक्रमों के परिणाम घोषित किए गए हैं। परिणाम घोषित होने से विद्यार्थियों को आगे की पढ़ाई, प्रवेश प्रक्रिया एवं रोजगार से जुड़ी योजनाओं में समय पर निर्णय लेने में सहायता मिलेगी।

कुलपति प्रो. डॉ. पाल सैनी ने कहा कि चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय सदैव विद्यार्थियों के हितों को सर्वोपरि मानते हुए कार्य करता रहा है। विश्वविद्यालय की यह प्राथमिकता रही है कि परीक्षा प्रक्रिया के बाद विद्यार्थियों को उनके परिणाम समय पर उपलब्ध कराए जाएं ताकि उनके शैक्षणिक एवं व्यावसायिक भविष्य में किसी प्रकार की देरी न हो। संवाद